थाना दातागंज क्षेत्रान्तर्गत दातागंज बदायूँ रोड पर ग्राम बिहारीपुर के युवक की धारदार हथियार से की गयी सनसनीखेज हत्या के दो अभियुक्त आलाकत्ल व लूटे गये मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार

डॉ0ओ0पी0सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूं के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी दातागंज के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दातागंज सौरभ सिंह व उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह प्रभारी एस0ओ0जी0 के नेतृत्व मे कोतवाली दातागंज पुलिस व एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम द्वारा थाना दातागंज क्षेत्रान्तर्गत दातागंज बदायूँ रोड पर ग्राम बिहारीपुर मोड़ पर दिनांक 30.08.23 को रात्रि के समय ग्राम बिहारीपुर के युवक की चाकू से गोद कर की  गयी हत्या के अभियुक्तों को मय आलाकत्ल हत्या में प्रयुक्त चाकू व लूटे गये मोबाइल फोन व अन्य सामान  सहित गिरफ्तार किया गया।

घटना क्रम :- दिनांक 30.08.2023 को श्री मनोज कुमार शर्मा पुत्र श्री महेश  चन्द्र शर्मा निवासी ग्राम बिहारीपुर थाना दातागंज बदायूँ ने थाना दातागंज पर आकर सूचना दी कि मेरा छोटा भाई अभिषेक ग्राम हजरतपुर थाना खास मे अपने मौसा उमेश शर्मा के साथ रहकर वैलडिंग आदि का काम करते थे दिनांक 30/08/2023 को समय लगभग 10 बजे रात मे अभिषेक अपने घर बिहारीपुर आ रहा था। तो रास्ते में आते समय डहरपुर से दातागंज को जाने वाली सड़क से जब मेरे भाई गांव बिहारीपुर को जाने के लिए पैदल पैदल रास्ते से जा रहा था तो मोड़ पर उसको धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया जिसकी सूचना मिलने पर जब हम आये तो भाई को घायलावस्था में देखकर उसे लेकर दातागंज सरकारी अस्पताल में पहुंचे दातागंज स्वास्थ्य केन्द्र पर हालत गंभीर होने के कारण बरेली के लिए रेफर कर दिया उसे लेकर जब हम सिद्धि विनायक अस्पताल बरेली के रास्ते मे जा रहे थे कि रास्ते मे उसकी मृत्यु हो गयी । मेरे भाई का खिरिया की लड़की शीतल पुत्री बलवन्तराम से करीब ढाई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था हमें शक है कि मेरे भाई की हत्या शीतल के भाई हीरालाल, रामगोपाल पुत्र बलवन्तराम एवं हिमांशु पुत्र हीरालाल नि0गण खिरिया थाना अलापुर जिला बदायूँ ने शीतल से प्रेम प्रसंग को लेकर की है मेरा भाई आते समय एक बैग व मोबाईल लेकर आया था जो नहीं मिला है।

उक्त अभियोग की गहन विवेचना से संदेह के आधार पर नामित अभियुक्तगण की नामजदगी गलत पायी गयी तथा घटना कारित करने वाले तीन अज्ञात व्यक्ति प्रकाश में आये जिनकी तलाश हेतु थाना दातागंज व एस0ओ0जी की संयुक्त टीम को लगाया गया उक्त घटना में लूटे गये मोबाइल फोन में एक नया सिम एक्टिवेट हुआ जिसकी डिटेल प्राप्त करने पर वसीम पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम हथनीभूड़ थाना मूसाझाग जनपद बदायूं का नाम प्रकाश में आया दिनांक 17.09.2023 को सायं 20.05 बजे मुखबिर की सूचना के आधार पर छचऊ मोड़ से अभियुक्त वसीम पुत्र निजामुद्दीन वओमेन्द्र पुत्र श्रीपाल निवासीगण ग्राम हथनीभूड थाना मूसाझाग जनपद बदायूं को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित लूटा गया मोबाइल फ़ोन बरामद हुआ तथा अभियुक्तगण की निशाँदेही पर घटना में लूटे गये कपडे व मृतक की हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू बरामद किये गये |अभियुक्तगण ने पूछताछ के दौरान बताया कि दिनांक 30.08.2023 को शाम 07 बजे हम लोग अपने तीसरे साथी के साथ ग्राम हथनी भूड  थाना मूसाझाग से लूट के इरादे से दातागंज आये थे। जब हम लोग दातागंज से डहरपुर की ओर जा रहे थे तो रास्ते में पापड ब्रह्मदेव मंदिर के सामने ग्राम बिहारीपुर को जाने वाले मोड पर हमे एक लड़का मोबाइल पर बात करते हुए आता दिखायी दिया जिसकी पीठ पर एक बैग भी था। हम तीनो को लगा कि बैग में कोई कीमती सामान होगा इसलिए उसे लूटने के इरादे से हमने मोटर साईकिल से उसे हल्की टक्कर

मारी तो वह गिर पडा फिर हम तीनो ने मोटर साईकिल से उतर कर उसे पकड लिया उसने हम लोगो से हाथापाई करनी शुरू कर दी तो ओमेन्द्र ने अपने पास मौजूद चाकू निकालकर उस पर ताबडतोड वार किये फिर वसीम व जिशान ने भी ओमेन्द्र से चाकू लेकर उसपर कई वार किये जिससे कि वह लड़का जमीन पर गिर गया और हम लोग उसे मरा जानकर उसका मोबाइल फोन और बैग लेकर भाग गये घटना में इस्तमाल किया गया चाकु व बैग से मिले कपडे हमने ग्राम सकतपुर के पास एक ट्यूबैल के करीब खेत में छुपा दिये थे। बैग जिशान लेकर चला गया था। आज हम लोग लूटे गये मोबाइल को बेचने के लिए डहरपुर आये थे कि पुलिस वालो ने हमे पकड लिया।

गिरफ्तारी का स्थान - छछऊ मोड थाना दातागंज बदायूं

गिरफ्तार किये गये अभि0गण का नाम-

वसीम पुत्र निजामुद्दीन व ओमेन्द्र पुत्र श्रीपाल निवासीगण ग्राम हथनीभूड थाना मूसाझाग जनपद बदायूं ।

अपराधिक इतिहास

मु0अ0स0 412/23 धारा 302/394/411 भादवि व 4/25(1B) A ACT

बरामदगीआलाकत्ल-

लूटा गया मोबाइल फोन,मृतक के लूटे गये कपडे व हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू बरामद किये गये |

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम -

एस0ओ0जी0/सर्विलांस टीम-

उ०नि०धर्मेन्द्र सिंह प्रभारी एस0ओ0जी0, हे0कां0सचिन कुमार झा, हे0कां0विपिन कुमार, हे0कां0शराफत हुसैन, हे0कां0मुकेश कुमार, हे0कां0 संजय सिंह, हे0कां0लोकेन्द्र कुमार, हे0कां0सचिन कुमार, कां0अरविन्द कसाना, कां0 भुपेन्द्र,कां0आजाद, कां0 कुशकान्त, कां0 मनीष कुमार।

थाना दातागंज पुलिस टीम-

प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह थाना दातागंज, नि0अपराध श्री जीतेन्द्र पंवार, व0उ0नि0 मनोज कुमार , उ०नि०सुशील कुमार विश्नोई, उ0नि0 बृजकिशोर, है0कां0 हरीश कुमार, है0कां0 उमेश चौहान , है0कां0 महेन्द्र सिंह, है0कां0 सुरेन्द्र कुमार, का0 बालकराम, कां0 पंकज आरक्षी चालाक राकेश अग्निहोत्री थाना दातागंज जनपद बदायूँ।

सोशल मीडिया सैल,

जनपद बदायूँ।